# ताइवान चीन का अभिन्न अंग : लावरोव

**अमेरिका के हस्तक्षेप पर रूस-चीन की चिंता**



**मॉस्को/वाशिंगटन, 28 दिसंबर. रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने स्पष्ट किया कि ताइवान चीन का अभिन्न अंग है और रूस इसकी स्वतंत्रता के किसी भी प्रयास का विरोध करता है.**

उन्होंने कहा कि ताइवान मुद्दा चीन का आंतरिक मामला है और रूस इसे मान्यता देता है. इसी बीच, चीन ने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह ताइवान को हथियार बेचकर क्षेत्रीय स्थिरता को खतरे में डाल रहा है. अमेरिकी हथियारों में जेवलिन मिसाइल, हेलीकॉप्टर और एचआईएमएआरएस रॉकेट सिस्टम शामिल हैं. चीनी विदेश मंत्रालय ने इसे एक चीन सिद्धांत और ताइवान की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा करार दिया. रूस-चीन की प्रतिक्रिया क्षेत्रीय तनाव बढ़ने और सैन्य संघर्ष की संभावना को लेकर वैश्विक चिंता को उजागर करती है.

### हथियार की सप्लाई

अमेरिका के वाशिंगटन में चीनी दूतावास ने आरोप लगाते हुए कहा है कि ताइवान को हथियार बेचकर अमेरिका क्षेत्र को संघर्ष के करीब धकेल रहा है. रूसी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने रविवार को यह जानकारी दी. दूतावास के प्रवक्ता लियू पेंग्यू ने पेंटागन की डिफेंस सिक्योरिटी कोऑपरेशन एजेंसी द्वारा ताइवान को 11.1 अरब डॉलर के हथियार, उपकरण और सैन्य सेवाओं की बिक्री को मंजूरी देने की घोषणा पर टिप्पणी करते हुए कहा, ऐसे कदम ताइवान की स्वतंत्रता की अपरिहार्य विफलता को नहीं बदलेंगे.

> रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रविवार को कहा कि ताइवान चीन का अभिन्न अंग है और रूस ताइवान की स्वतंत्रता के किसी भी रूप का विरोध करता है. श्री लावरोव ने रूसी सरकारी संवाद समिति तास को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि ताइवान के सवाल पर रूस की सैद्धांतिक स्थिति सभी को पता है और इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है. उन्होंने स्पष्ट किया कि रूस ताइवान को चीन का अभिन्न अंग मानता है और इस द्वीप की स्वतंत्रता के किसी भी प्रयास के विरुद्ध खड़ा है.

# राष्ट्रपति ने किया पनडुब्बी से समुद्री दौरा

**कर्नाटक, 28 दिसंबर. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को पश्चिमी तट पर भारतीय नौसेना की अग्रिम पंक्ति की पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर से भारतीय समुद्री क्षेत्र का दौरा किया. साथ ही वह पनडुब्बी में यात्रा करने वाली देश की दूसरी राष्ट्रपति बन गईं.**

इससे पहले फरवरी 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने पनडुब्बी की यात्रा की थी. यह दौरा कर्नाटक स्थित करवार नौसेना अड्डे से किया गया, इसे भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के दीर्घकालिक सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए विकसित कर रही है. इस दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी भी पनडुब्बी में मौजूद रहे.



> राष्ट्रपति सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर भी हैं. राष्ट्रपति सचिवालय ने सोशल मीडिया पर बताया कि राष्ट्रपति मुर्मु ने नौसेना की वर्दी में स्वदेशी कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर में प्रवेश किया. आईएनएस वाघशीर पी-75 स्कॉर्पीन परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी है, जिसे जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया. यह दुनिया की सबसे शांत और बहुउपयोगी डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों में से एक मानी जाती है.

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर दिखा आक्रोश

**प्रयागराज वाराणसी, 28 दिसंबर.** बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता के बीच कट्टरपंथियों के निशाने पर हिंदू हैं. वहां कहीं हिंदुओं को मारा जा रहा है, तो कहीं उनके घरों को आग के हवाले कर दिया जा रहा है। धार्मिक नगरी काशी में और प्रयागराज में रविवार को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया. उन्होंने कहा कि जिस तरीके से बांग्लादेश में हिंदू लोगों के ऊपर अत्याचार व उनकी हत्याएं की जा रही है, उसके विरोध में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया.

# इस वर्ष रेलवे ने हासिल की कई उपलब्धियां

**राउंड अप 2025**

**नईदिल्ली, 28 दिसंबर. कैलेंडर वर्ष 2025 पश्चिम रेलवे के लिए एक ऐतिहासिक एवं परिवर्तनकारी वर्ष के रूप में उभरकर सामने आया. यह वर्ष राष्ट्रीय महत्व की उपलब्धियों, रिकॉर्ड अवसंरचना विकास, उत्कृष्ट परिचालन प्रदर्शन तथा यात्री सुरक्षा, सेवा गुणवत्ता, डिजिटल शासन, राजस्व वृद्धि और सतत विकास पर निरंतर केंद्रित प्रयासों से परिपूर्ण रहा.**

वर्ष भर पश्चिम रेलवे ने व्यापक पैमाने के संचालन को सटीकता के साथ, विरासत को आधुनिकता के साथ तथा विकास को अनुशासन के साथ संतुलित करने की अपनी क्षमता का सशक्त प्रदर्शन किया. वर्ष की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक यह रही कि पश्चिम रेलवे ने अपने संपूर्ण ब्रॉड गेज नेटवर्क का 100प्रतिशत विद्युतीकरण प्राप्त किया. इससे पश्चिम रेलवे भारतीय रेल के पूर्णत: विद्युतीकृत रेल नेटवर्क वाले क्षेत्रों में मजबूती से स्थापित हुआ है तथा सतत एवं ऊर्जा-कुशल परिचालन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता और अधिक सुदृढ़ हुई है. एक अन्य प्रमुख उपलब्धि के रूप में रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप, दाहोद में लोको मैन्युफैक्चरिंग शॉप का निर्माण एवं लोकार्पण किया गया, जिसे 21,405 करोड़ की परियोजना लागत से विकसित किया गया है. इस अत्याधुनिक इकाई की आधारशिला माननीय प्रधानमंत्री द्वारा रखी गई थी तथा परियोजना का कार्य वर्ष 2025 में पूर्ण किया गया. यह अत्याधुनिक संयंत्र 9000 हॉर्स पावर की विद्युत मालगाड़ी इंजनों के निर्माण हेतु डिज़ाइन किया गया है, जिससे भारतीय रेल की माल वहन क्षमता में वृद्धि होगी और लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी. यह संयंत्र मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड पहल को सशक्त समर्थन प्रदान करता है, जिसके अंतर्गत भारतीय रेल के लिए ब्रॉड गेज विद्युत लोकोमोटिव तथा निर्यात हेतु स्टैंडर्ड गेज विद्युत लोकोमोटिव का निर्माण किया जाएगा. हरित विनिर्माण सिद्धांतों पर आधारित एवं हरित ऊर्जा से संचालित इस परियोजना ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित किया है तथा दाहोद क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी मजबूत प्रोत्साहन प्रदान किया है.

> वर्ष के दौरान, पश्चिम रेलवे ने 234 किलोमीटर नई लाइनें, दोहरीकरण तथा गेज परिवर्तन कार्य पूर्ण किए, जिससे नेटवर्क क्षमता, परिचालन लचीलापन और मजबूती में उल्लेखनीय वृद्धि हुई. एक प्रमुख तकनीकी उपलब्धि के रूप में, मिशन रफ्तार के अंतर्गत रतलाम मंडल के खाचरौद-नागदा दोहरी लाइन खंड पर भारत की पहली 25 केवी ट्रैक्शन प्रणाली का सफलतापूर्वक कमीशनिंग किया गया, जिससे उच्च गति संचालन, बेहतर ऊर्जा दक्षता तथा भविष्य के लिए तैयार ट्रैक्शन अवसंरचना सुनिश्चित हुई वर्ष 2025 के दौरान, पश्चिम रेलवे ने बड़े पैमाने पर अवसंरचना सुदृढ़ीकरण कार्य जारी रखते हुए संरक्षा और क्षमता वृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कीं.

### उच्च प्रभाव वाली परियोजनाओं का क्रियान्वयन

वर्ष 2025 के दौरान, पश्चिम रेलवे ने डबलिंग, गेज परिवर्तन एवं विद्युतीकरण से जुड़े अनेक उच्च प्रभाव वाले परियोजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया, जिससे गुजरात में यात्री आवागमन, माल ढुलाई क्षमता तथा क्षेत्रीय आर्थिक विकास को उल्लेखनीय मजबूती मिली. प्रमुख परियोजनाओं में आनंद-गोधरा रेल खंड का दोहरीकरण (79 किलोमीटर, 693 करोड़) शामिल है, जो आनंद, खेड़ा एवं पंचमहल जिलों को कवर करता है. इसी प्रकार, महेसाणा-पालनपुर रेल खंड का दोहरीकरण (65.10 किलोमीटर, 537 करोड़), जो बनासकांठा, पाटन एवं महेसाणा जिलों को कवर करता है, दिल्ली-अहमदाबाद राजधानी मार्ग पर शेष अंतिम सिंगल लाइन अंतर को समाप्त करने वाला एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट रहा. राजकोट-हदमटिया खंड का दोहरीकरण (39 किलोमीटर, 377 करोड़), जो राजकोट-कानालूस दोहरीकरण परियोजना (111 किलोमीटर) का हिस्सा है.

# डार ने माना नूरखान एयरबेस पर भारत ने दागे 80 ड्रोन हमले

**इस्लामाबाद,28 दिसंबर. पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने एक बार फिर स्वीकार किया है कि भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के नूरखान एयरबेस पर बड़ा ड्रोन हमला किया था.**

साल की आखिरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में डार ने बताया कि भारत ने 36 घंटे के भीतर पाकिस्तान की ओर करीब 80 ड्रोन भेजे थे, जिनमें से 79 ड्रोन पाकिस्तानी सेना ने मार गिराने का दावा किया, लेकिन एक ड्रोन रावलपिंडी के चकाला इलाके में स्थित नूरखान एयरबेस तक पहुंच गया, जिससे सैन्य ढांचे को नुकसान हुआ और कई सैनिक घायल हुए. डार के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने कुल 11 पाकिस्तानी एयरबेस को निशाना बनाया. इससे पहले जून में भी डार ने जियो न्यूज पर स्वीकार किया था कि 6-7 मई की रात भारत ने नूरखान और शोरकोट एयरबेस पर हमला किया, उस समय पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई की तैयारी कर रहा था. भारत ने पहले ही स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 पर्यटकों की मौत हुई थी. भारत के अनुसार, उसने आतंकी संगठन टीआरएफ और पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों रफीकी, मुरिद, रहीम यार खान, सुक्कुर, चुनियन, स्कर्दू, भोलारी, जैकोबाबाद और सरगोधा को निशाना बनाया.

# कांग्रेस के खत्म होने का सपना पूरा नहीं होगा



**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा**

**नई दिल्ली, 28 दिसंबर. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कांग्रेस का आधार जोड़ने वाली विचार धारा है और जो इसके खत्म होने का सपना देखते हैं उनकी मुराद कभी पूरी नहीं होगी और उन्हें समझ लेना चाहिए कि कांग्रेस की सोच जोड़ती है और भाजपा की तोड़ती है.**

श्री खरगे ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा आज स्थापना दिवस पर एक बात साफ कहना चाहता हूँ, जो कहते हैं कांग्रेस खत्म हो गई है मैं उन्हें बताना चाहता हूँ, हमारे पास सत्ता कम हो सकती है, लेकिन हमारी रीढ़ अभी भी सीधी है. हमने समझौता नहीं किया, न संविधान से, न धर्मनिरपेक्षता से और न गरीब के हक से.

हम सत्ता में न हों, लेकिन सौदेबाज़ी नहीं करेंगे.

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी धर्म के नाम पर वोट नहीं माँगा और न कभी मंदिर मस्जिद से नफरत फैलाई.कांग्रेस जोड़ती है जबकि भाजपा तोड़ती है. काँग्रेस ने धर्म को आस्था ही रखा पर कुछ लोगों ने धर्म को राजनीति बना दिया. आज भजपा के पास सत्ता है लेकिन उनके पास सच्चाई नहीं है.

### हर कमजोर वर्ग के साथ खड़ी रहती है कांग्रेस

कांग्रेस पार्टी रविवार को अपना 141वां स्थापना दिवस मना रही है. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुभकामनाएं देते हुए अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा 'आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस पर हर कांग्रेस जन को हार्दिक शुभकामनाएं. हम उस ऐतिहासिक विरासत और उन महान बलिदानियों को नमन करते हैं जिन्होंने भारत को आज़ादी दिलाई, संविधान की नींव रखी और लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय व समानता के मूल्यों को मजबूत किया. कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, भारत की आत्मा की आवाज़ है जो हर कमजोर, हर वंचित और हर मेहनतकश के साथ खड़ी रही है.



# यूपी में कांग्रेस का पुनर्निर्माण, संघर्ष का ऐलान

## कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर लखनऊ में प्रेसवार्ता


**लखनऊ 28 दिसंबर. कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर लखनऊ में आयोजित यह प्रेस वार्ता केवल वक्तव्य नहीं, उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पुनर्निर्माण का सार्वजनिक ऐलान थी.**

इस मंच से हमने स्पष्ट संदेश दिया कि कांग्रेस अब प्रतीक्षा में नहीं, प्रतिरोध और विकल्प के साथ मैदान में है. जहाँ भी योगी सरकार का बुलडोज़र संविधान और निर्दोष नागरिकों के अधिकारों को कुचलने का प्रयास करेगा, वहाँ कांग्रेस का कार्यकर्ता चट्टान बनकर खड़ा होगा. 140 वर्षों के संघर्ष, बलिदान और लोकतांत्रिक जिम्मेदारी की विरासत हमें सिखाती है कि सत्ता का भय नहीं, जनता का विश्वास हमारी सबसे बड़ी ताक़त है. उत्तर प्रदेश कांग्रेस अब नए संकल्प, नई ऊर्जा और जमीनी संगठन के साथ आगे बढ़ेगी. इस महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रभारी महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, सांसदगण और संगठन के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे - जो इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश को लेकर पूरी गंभीरता और स्पष्ट रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है.



# धर्मांतरण रैकेट तोड़ने एआई का इस्तेमाल करे पुलिस : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, 28 दिसंबर.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मांतरण से जुड़े संगठित गिरोहों को नेस्तनाबूद करने के लिए पुलिस और खुफिया एजेंसियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक तकनीक के प्रभावी इस्तेमाल के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि विदेशी फंड से संचालित धर्मांतरण नेटवर्क प्रदेश की सामाजिक एकता और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं, जिन पर सख़्त और समयबद्ध कार्रवाई ज़रूरी है. 'पुलिस मंथन' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन-2025 के समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार, डीपफेक, डार्कवेब और साइबर अपराधों पर गहरी चिंता जताई. उन्होंने स्पष्ट किया कि जातीय या धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाले किसी भी कंटेंट, फेक अकाउंट और संगठित दुष्प्रचार अभियानों पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए. योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बलरामपुर जैसी घटनाएं दर्शाती हैं कि धर्मांतरण के प्रयास संगठित रूप से किए जा रहे हैं.



## एक नजर में



### बिलिंग में पैराग्लाइडिंग हादसे में पायलट की मौत

**धर्मशाला, 28 दिसंबर.** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में बिलिंग पैराग्लाइडिंग स्थल पर हुयी दुर्घटना में पैराग्लाइडर पायलट की मौत हो गयी एवं एक व्यक्ति घायल हो गया है. पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर को कांगड़ा जिले के बीर पुलिस स्टेशन के तहत बिलिंग टेक-ऑफ साइट पर पैराग्लाइडिंग दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया. कांगड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक अशोक रतन ने बताया कि मंडी जिले की पधर तहसील में बरधन पोस्ट ऑफिस के तहत लछायन गांव का रहने वाला मोहन सिंह कथित तौर पर लापरवाही से पैराग्लाइडर उड़ा रहा था. उन्होंने बताया कि पैराग्लाइडर बिलिंग में उड़ान भरते ही तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस घटना में पश्चिम बंगाल में कोलकाता निवासी पर्यटक पार्थ दवे घायल हो गए. घायल को इलाज के लिए पालमपुर के विवेकानंद अस्पताल ले जाया गया.

### जैलेंस्की ने कनाडा के प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**ओटावा, 28 दिसंबर.** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की युक्रेन संकट को खत्म करने के मकसद से अमेरिका की यात्रा पर जाने से पहले कनाडा में रुक कर प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मिले हैं. उन्होंने शनिवार को अमेरिका के फ्लोरिडा शहर जाने के क्रम में कनाडा के हैलिफैक्स शहर में रुक कर यह मुलाकात की. प्रधानमंत्री की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, श्री कार्नी और श्री जेलेंस्की ने चल रही शांति वार्ता में ताजा घटनाक्रम पर द्विपक्षीय बैठक की. कार्नी ने आश्वस्त किया कि यूक्रेन को कनाडा का पूरा समर्थन है. स्थानीय मीडिया के अनुसार, श्री जेलेंस्की रविवार को फ्लोरिडा के पाम बीच स्थित मार-ए-लागो एस्टेट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ 20-बिंदुओं की शांति योजना पर चर्चा करेंगे.

### इजरायल के सोमालीलैंड को दी मान्यता खारिज

**मोगादिशु, 28 दिसंबर.** बीस से अधिक मुस्लिम बहुल देशों के विदेश मंत्रियों ने रविवार को एक संयुक्त बयान जारी कर इजरायल के सोमालीलैंड को दी गई मान्यता को खारिज कर दिया. इजरायल ने 26 दिसंबर को सोमालीलैंड को मान्यता देने की घोषणा की थी. पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि यह मान्यता राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने वाले अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन करती है. गौरतलब है कि इजरायल 'रिपब्लिक ऑफ सोमालीलैंड' को एक स्वतंत्र और संप्रभु राज्य के रूप में औपचारिक मान्यता देने वाला पहला देश बन गया है. इजरायली बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, विदेश मंत्री गिदोन सार और सोमालीलैंड के राष्ट्रपति ने आपसी मान्यता के संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं. इजरायल की घोषणा के खिलाफ हस्ताक्षर करने वाले देशों में जॉर्डन, मिस्र, सऊदी अरब, ईरान, तुर्की, पाकिस्तान और इस्लामी सहयोग संगठन शामिल हैं.


## आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय:** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400069.
**उज्जैन शाखा:** 06/प्रथम मंजिल, कमला नेहरू मार्ग, फ्रीगंज, आईडीबीआई बैंक के ऊपर, शहीद पार्क के पास, उज्जैन 456010 (म.प्र.)
**रतलाम शाखा:** ग्राउंड फ्लोर, 19, पैलेस रोड, चिंतामन गणेश मंदिर के सामने, रतलाम - 457001 (मध्य प्रदेश)

### ई-नीलामी - बिक्री सूचना

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। इसके द्वारा सामान्य रुप से सर्वसाधारण को और विशेष रुप से ऋणी(यों) एवं जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका कब्जा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है'** बिना किसी ज्ञात बाधा के आधार पर विक्रय किया जाएगा जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

| क्रं. | ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो)/ जमानतदार | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य (RP) | बयाना जमा राशि (ईएमडी) (RP का 10%) | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोन नं. 02010001177/ उज्जैन शाखा) अक्षय सिसोदिया (ऋणी) आरती कुशवाह (सह-ऋणी) | 12-05-2025 एवं ₹10,54,474/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, फ्लेट नं.507 पांचवीं मंजिल ओम साई ओम सांवेर रोड वार्ड नं.47 उज्जैन म.प्र. 456001 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - फ्लेट नंबर 508, पश्चिम - खुली जगह फिर फ्लेट नं.506, उत्तर - टाउनशिप का खुला क्षेत्र, दक्षिण - गलियारा | Rs. 9,93,600/- | Rs. 99,360/- | भौतिक |
| 2 | (लोन कोड नं. 02210000953/ रतलाम शाखा) असलम जारोरी (ऋणी) इशरा ताजक (सह-ऋणी) | 10-07-2025 एवं ₹ 15,56,698/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, सर्वे नं. 90/2 की भूमि पर प्लॉट नं. 18 का पश्चिमी भाग, ग्राम राजगढ़ तहसील एवं जिला रतलाम-457001, म.प्र. **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- जानी बाई का मकान, पश्चिम- नाली, उत्तर- नाली, दक्षिण- रोड | Rs. 12,50,000/- | Rs. 1,25,000/- | भौतिक |

1. केवाईसी, निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत नियम एवं शर्तों (निविदा दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि **02-02-2026 शाम 5:00 बजे** तक ऊपर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर या **https://bankeauctions.com** पर अपलोड की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा दस्तावेजों को अमान्य निविदा माना जाएगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
2. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि **03-02-2026 प्रातः 03:00 बजे से 04:00 बजे तक https://bankeauctions.com** पर है।
3. जैसा कि ऊपर बताया गया है, एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो है वह है' के आधार पर** की जाएगी।
4. डिमांड ड्राफ्ट केवल 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में बनाया जाना चाहिए।
5. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से 'ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें।
6. इच्छुक बोलीदाताओं को **https://bankeauctions.com/registration/signup**, लिंक के माध्यम से पोर्टल मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए, और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं।
7. अधिक जानकारी के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी, **दीपक मालवीय (संपर्क नंबर 7583898990)** या सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **श्री प्रभाकरन, मोबाईल नं. +91-74182-81709, ई-मेल: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com,** फोन नं. **+917291981124 /25 /26** से संपर्क करें। आज तक, एएचएफएल/ एएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने और/या निपटान करने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है।
8. बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल), सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.aadharhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।
9. नीलामी के लिए बोली वृद्धिशील राशि **रु. 10,000/-** है।
10. यह समाचार पत्र प्रकाशन एवं इसमें निहित डेटा आम जनता के प्रसार के लिए है। इस सामग्री का किसी भी रुप में या किसी भी माध्यम से, चाहे प्रिंट, डिजिटल, किसी भी रुप में इलेक्ट्रानिक प्रकाशन, ईमेल या वेब प्रकाशन, या किसी भी अन्य माध्यम से, संपूर्ण या आंशिक रुप से किसी भी तरह से पुनरुत्पादन, वितरण, प्रसारण या पुनर्प्रकाशन सख्त वर्जित है। किसी भी माध्यम से उपरोक्त सामग्री के किसी भी अनधिकृत उपयोग के परिणामस्वरुप AHFL द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

**स्थान : मध्य प्रदेश, दिनांक : 29-12-2025**

**सही/- प्राधिकृत अधिकारी**
**आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**



## टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

TATA

पंजीकृत कार्यालय : 11वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर परेल मुंबई - 400013. CIN No. U67190MH2008PLC187552. Contact No. (022) 61827414, (022) 61827375
शाखा कार्यालय : 9/1/1, सुरज भवन, दूसरी मंजिल, यस बैंक के उपर, एम.जी. रोड़, इन्दौर -452001.

### आधिपत्य सूचना (अचल संपत्तियों के लिये)

(प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के परिशिष्ठ IV सपठित नियम 8(1) के अंतर्गत)

**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा13 (12) सपठित नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रवर्तन करके प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न ऋणी(यों) से नीचे उल्लेखित सूचना प्राप्ति दिनांक से 60 दिन के अंदर ऋण राशि अदा करने की मांग की गई थी।

चूंकि ऋणी(यों) ने अदायगी में त्रुटि की है अत: ऋणी(यों) तथा सर्वसाधारण जनता को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता ने नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उपरोक्त नियमों के नियम 8 के अंतर्गत प्राप्त कर लिया है।

ऋणी(यों) को विशेषत: तथा समस्त जनता को साधारणत: सतर्क किया जाता है कि इन सम्पत्तियों के संबंध में कोई संव्यवहार न करें और यदि कोई संव्यवहार किया गया तो वह **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के ऋणी(यों) के समक्ष नीचे दर्शाई गई मांग सूचना दिनांक से ब्याज एवं दण्ड ब्याज, खर्चे, लागत अन्य के अधीन होगा।

ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| ऋण खाता क्रं. | बाध्यताधारीयों/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों के नाम | मांग सूचना अनुसार राशि | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| TCHHL0653000100078986 & TCHIN0653000100081972 | श्री अकबर अली (ऋणी) श्रीमती शहनाज सनावद वाला एवं एच.बी. फाइबर वर्क्स (सह ऋणी) | Rs. 14,79,417 & Rs. 27,772/- | 10-10-2025 / 24-12-2025 | सांकेतिक कब्जा |
| **सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों/बंधक संपत्तियों का विवरण:** अचल संपत्ति का संपूर्ण भाग एवं अंश, फ्लैट नं. 101, प्रथम तल, नोटानी टॉवर, नगर भवन नं. 38, वल्लभ भाई पटेल मार्ग, जिला उज्जैन, म.प्र. - निर्मित क्षेत्रफल 39.85 वर्ग मीटर, **चर्तु:सीमा:** पूर्व अन्य मकान, पश्चिम: फ्लैट नं. 102, उत्तर: खुला आसमान, दक्षिण:कॉमन पैसेज | | | | |
| TCHHL0284000100219918 & TCHHF0284000100221657 & TCHIN0284000100220196 | श्री मोहम्मद शोएब खान (ऋणी), श्रीमती फरीदा बी एवं श्री मोहम्मद रईस खान (सह-ऋणी) | Rs.30,20,303 & Rs.18,67,622 & Rs.86,608/- | 10-10-2025 / 23-12-2025 | सांकेतिक कब्जा |
| **सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों/बंधक संपत्तियों का विवरण:** अचल संपत्ति का संपूर्ण भाग एवं अंश, मकान निर्मित, प्लॉट नं. 124, स्वामी दयानंद नगर इंदौर, जिला इंदौर (म.प्र.) क्षैत्रफल 600 वर्ग फुट, यानी 55.76 वर्ग मीटर **चर्तु:सीमा:** पूर्वः रोड, पश्चिम: प्लॉट नं. 117, उत्तर: प्लॉट नं. 123, दक्षिण: प्लॉट नं. 125 | | | | |
| 9621622 & 9782908 & TCHIN0284000100250626 | श्रीमती संगीता पाल (ऋणी) श्री मुकेश परमार एवं श्रीमती कल्पना पाल (सह ऋणी) | Rs.7,38,515/- & Rs.73,657/- & Rs.2,84,835/- | 16-10-2025 / 23-12-2025 | सांकेतिक कब्जा |
| **सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों/बंधक संपत्तियों का विवरण:** प्लॉट नं. 30, एल.आई.जी. वाली अचल संपत्ति का संपूर्ण भाग एवं अंश, जिसका क्षेत्रफल 43.87 वर्ग मीटर यानी 472.09 वर्ग फीट है, एमपी हाउसिंग बोर्ड द्वारा विकसित कॉलोनी में स्थित, साथ ही नीचे की भूमि में अविभाजित अनुपातिक भागेदारी एवं उसके सभी आंतरिक और बाहरी अधिकारों के साथ, आवासीय उपयोग के लिए गैर-कृषि भूमि पर निर्मित, बालगढ़, देवास, मध्य प्रदेश में स्थित , **चर्तु:सीमा:** - उत्तर:- 3 मीटर रोड, दक्षिण:- 9 मीटर रोड, पूर्वः प्लॉट नं. 31-एलआईजी, पश्चिम: प्लॉट नंबर 29-एलआईजी | | | | |
| TCHHF0643000100152799 | श्री विष्णुराम मकवाना (ऋणी) श्रीमती सुमित्रा बाई (सह ऋणी) | Rs. 12,98,206/- | 10-10-2025 / 24-12-2025 | सांकेतिक कब्जा |
| **सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों/बंधक संपत्तियों का विवरण:** अचल संपत्ति का संपूर्ण भाग एवं अंश: मकान नं. 16-ए, भूमि सर्वे नं. 295/4/1, मोहल्ला चेतनपुरा, वार्ड नं. 1, अंबेडकर वार्ड, नागदा, जिला उज्जैन, मध्य प्रदेश में स्थित - क्षेत्रफल 37.2 वर्ग मीटर, **चर्तु:सीमाएँ:** पूर्वः सड़क, पश्चिम: गली, उत्तर: विक्रेता की ज़मीन, दक्षिण: नंदूजी बागडी का मकान | | | | |
| 9884955 & 9235387 | श्री संदीप जैसवार(ऋणी) श्रीमती पूजा जैसवार (सह ऋणी) | Rs.1,47,504/- & Rs.5,53,474/- | 10-10-2025 / 24-12-2025 | सांकेतिक कब्जा |
| **सुरक्षित परिसंपत्तियों/अचल संपत्तियों/बंधक संपत्तियों का विवरण:** उक्त अचल संपत्ति का संपूर्ण भाग एवं अंश,प्लॉट नं. 162 पर निर्मित आवासीय मकान, जिसका प्लॉट क्षेत्र लगभग 600.00 वर्ग फीट यानी 55.76 वर्ग मीटर , आवासीय कॉलोनी में जिसे 'विमल विहार कॉलोनी' के रूप में जाना जाता है, सर्वे नं. 784/4/1 वाली भूमि के एक अलग भाग पर स्थित, ग्राम: महूगांव, तहसील महू एवं जिला: इंदौर, मध्य प्रदेश, **चर्तु:सीमा:** : पूर्व में: रोड, पश्चिम में: प्लॉट नं. 163, उत्तर में: प्लॉट नं. 161, दक्षिण में: रोड | | | | |
| TCHHF0284000100180494 & TCHHL0284000100179999 & TCHIN0284000100182269 & TCHIN0284000100242408 | श्री बलवंत वर्मा (ऋणी) श्रीमती घामा बाई (सह ऋणी) | Rs.3,47,945/- & Rs.11,49,816/- & Rs.72,339/- & Rs.1,53,547/- | 10-10-2025 / 24-12-2025 | सांकेतिक कब्जा |
| **सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों/बंधक संपत्तियों का विवरण:** अचल संपत्ति का संपूर्ण भाग एवं अंश, उत्तर से दक्षिण की ओर प्लॉट क्रमांक 136-ए/1, रॉयल टाउन, ग्राम महूगाँव, तहसील महू, जिला इंदौर मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 450 वर्ग फीट अर्थात 41.82 वर्ग मीटर **चर्तु:सीमा:** पूर्वः इस प्लॉट का शेष भाग, पश्चिम: रोड, उत्तर: प्लॉट नं. 137-ए, दक्षिण: इस प्लॉट का शेष भाग | | | | |

**दिनांक : 29.12.2025**
**स्थान : इंदौर (म.प्र.)**

**हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी**
**वास्ते टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**